प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के स्पीकर चुने गये रबींद्रनाथ महतो, राज्य सरकार को जनकल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण नीतियां बनाने के लिए किया प्रेरित।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित, देशवासियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी जरूरतों पर दिया बल।
3. संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस की मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित किया, साक्षात्कार के लिए 2 हजार 845 अभ्यर्थियों का हुआ चयन।
4. रांची में ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे ने 15 से 26 दिसंबर तक लगभग एक दर्जन ट्रेनों का परिचालन किया रद्द।

   और
5. मौसम विभाग ने 15 दिसंबर तक आसमान साफ रहने के दिये संकेत, सुबह में कोहरे का रहेगा असर, बढ़ेगी ठंड।

**********************

छठी झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन आज रबींद्र नाथ महतो स्पीकर चुने गये। इस अवसर पर सभी विधायकों ने उन्हें बधाई दी। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने राज्य सरकार को जनकल्याण के लिए नीतियां बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष को राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस मौके पर विधायकों ने भी अपने–अपने विधनसभा क्षेत्र की समस्याओं को सदन के पटल पर रखा। डुमरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयराम महतो ने विधानसभा अध्यक्ष से राज्य की समस्याओं को जानने और उसके समाधान के लिए पक्ष और विपक्ष के विधायकों को समान अवसर देने की मांग की।

**********************

देशभर में आज विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। मानवाधिकार दिवस का इस वर्ष का विषय है– हमारे अधिकार, हमारा भविष्य। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत आज देशवसियों को नागरिक और राजनीतिक अधिकार सुश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इधर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा कि इस वर्ष मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम के बाद एक दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा, जिसका विषय है– मानसिक सेहत– कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटना।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 प्रदान करेंगी। विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 45 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया है, जो जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला को दर्शाते हैं।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन–2024 के ग्रैंड फिनाले में युवा इनोवेटर्स से बातचीत करेंगे। ग्रैंड फिनाले में एक हजार तीन सौ से अधिक छात्रों की टीम भाग लेंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण 11 दिसंबर को देशभर के 51 नोडल केंद्रों पर शुरू होगा।

**********************

संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के अगले गवर्नर होंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। उन्हें इस महीने की 11 तारीख से तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। 1990 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी श्री मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वे शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे।

**********************

संघ लोक सेवा आयोग ने मुख्य परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें कुल 2 हजार 845 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया है। यह परीक्षा 20 से 29 सितंबर तक आयोजित की गयी थी जिसमें 14 हजार 627 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को 13 से 19 दिसंबर तक साक्षात्कार के लिए फार्म भरना होगा।

**********************

रांची में सिरमटोली फ्लाईओवर परियोजना में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे ने निर्माण कराने वाली एजेंसी को ब्लॉक दिया है। इसके तहत 15 दिसंबर से 26 दिसंबर तक 10 ट्रेनों के परिचालन को अलग–अलग दिनों में रद्द किया गया है।

**********************

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् देश भर के 347 जिलों में एक सौ दिवसीय टीबी जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

**********************

श्रमजीवी महिला समिति की ओर से साकची में थर्ड जेंडर्स समुदाय के अधिकारों और सम्मान पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने जानकारी दी कि थर्ड जेंडर को कानूनी मान्यता दी गई है। इस समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई नीतियां और योजनाएं चलायी जा रही हैं। इस अवसर पर श्रमजीवी महिला समिति की सचिव पूर्वी पॉल ने थर्ड जेंडर समुदाय को एकजुट होने पर जोर दिया।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह में कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने यह भी कहा कि दिन चढ़ते ही मौसम पूरी तरह साफ हो जायेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहेगा। इससे ठंड बढ़ेगी।

***************